>

Title: Need to develop vacant railway land around Railway stations at Ekma, Chainwa and Maharajganj in Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज) : सभापति महोदया, महाराजगंज लोकसभा, बिहार मेरा संसदीय क्षेत्र है । मेरे क्षेत्र अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जोन के वाराणसी मंडल में एकमा, चैनवा और महाराजगंज रेलवे स्टेशन है । इन रेलवे स्टेशनों के समीप रेलवे की बहुत सारी जमीन खाली पड़ी हुई है । इस जमीन में जल-जमाव और कचड़ा बारहों मास रहता है । इससे पर्यावरण दूषित हो रहा है । इसलिए इस खाली पड़ी जमीन को जनहित, रेलहित में विकसित कर पार्क या अन्य रोजगारपरक कोई उद्यम लगाने की जरुरत है । …(व्यवधान)

अत: माननीय सभापति महोदया के माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्री जी से मेरी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के उपर्युक्त रेलवे स्टेशनों के समीप खाली पड़ी जमीन को पार्क के रूप में विकसित किया जाए या अन्य कोई रोजगारपरक एवं सौन्दर्यीकरण कार्य सम्बन्धी परियोजना बनाकर उसे प्रारम्भ किया जाए, जिससे कि मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके । …(व्यवधान)

माननीय सभापति: आपका भाषण समाप्त हो गया है ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री छतर सिंह दरबार …

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी जी ।

… (व्यवधान)